# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–30.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)
## मुख्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। तीन दिन के इस सम्मेलन का कल केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्‌घाटन किया। गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सुलाहकार अजित डोभाल, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हो रही है। सम्मेलन के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक विधानसभा का पहला सत्र आहूत करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। 9 दिसंबर को नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण होगा। 10 दिसंबर को राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण होगा और विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। 11 दिसंबर को सरकार अपना द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो जायेगा।

*****************

झारखंड भाजपा की आज रांची में एक महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। यह बैठक दो सत्र में आयोजित है। पहले सत्र में राज्य भर के नवनिर्वाचित पार्टी विधायक और हारे हुए प्रत्याशी हिस्सा ले रहे हैं। इस बैठक के बाद एक और बैठक होगी, जिसमें विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव प्रभारी शामिल होंगे। बैठक में विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार की समीक्षा के साथ ही एनडीए घटक दल में शामिल अन्य दलों की भूमिका पर भी चर्चा हो रही है।

*****************

पश्चिम बंगाल से तीसरे दिन भी आलू की सप्लाई ठप रही। आलू लेकर कोई भी ट्रक झारखंड नहीं पहुंचा। इससे राज्य में आलू की कीमतों में 5 से 10 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हो गयी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आलू की ट्रांसपोर्टिंग रोके जाने को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार से बात कर समस्या का निदान करने का आग्रह किया है।

*****************

लातेहार जिले के सदर अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों को जल्द ही नवजातों के लिए टीका उपलब्ध होगा।

*****************

झारखंड में मैट्रिक की परीक्षा अगले साल फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होगी। इसके लिए आज से मैट्रिक का फॉर्म जमा होना शुरू हो गया है। यह प्रक्रिया 14 दिसंबर तक चलेगी। जैक ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। उधर राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 16 दिसंबर से शुरू होगी।

*****************

सरायकेला–खरसावां मे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत आज युवाओं के करियर काउंसलिंग का आय़ोजन हुआ। जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने कहा कि आकांक्षा विंग ऑफ एस्पिरेशन कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों को करियर के विभिन्न आयामों की जानकारी दी जा रही है।

*****************

हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र में एक वाहन के अनियंत्रित होने से एक दर्जन विद्यार्थी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। ये सभी विद्यार्थी एक कोचिंग संस्थान से जुड़े हैं।

*****************

मौसम विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में उठने वाले चक्रवातीय तूफान फेंजल का राज्य के कोल्हान समेत कई हिस्सों में हल्का असर देखने को मिल सकता है। इस वजह से इन इलाकों में अगले तीन दिनों तक बादल छाए रहने तथा हल्की बारिश होने के अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया इस दौरान दिन का पारा कम तथा रात में तापमान बढ़ेगा, लेकिन पांच दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ठंड बढ़ सकती है।

*****************

दुबई में अंडर–19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप–ए में आज भारत का सामना पाकिस्तान से हो रहा है। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए, निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट पर 281 रन बनाए। भारत के लिए गेंदबाज एस नागराज ने तीन और आयुष महात्रे ने दो विकेट लिए। ताजा समाचार मिलने तक भारत ने 4 ओवर में 1 विकेट पर 28 रन बना लिए हैं।

******समाप्त*******